Neges Heddwch ac Ewyllys Da yr Urdd
Urdd Peace and Goodwill Message

Urdd (अर्ड) का शांति और सद्भावना संदेश 2021
महिलाओं और बालिकाओं के लिए समानता

महिला अधिकार हैं मानवाधिकार
मानवाधिकार हैं महिला अधिकार
बराबर होगी दुनिया तभी हम बचा पाएंगे इसे

यह हैशटैग से कहीं बढ़कर है।

आइए अपने शब्दों पर दोबारा विचार करें
और नकारात्मक को सकारात्मक से बदल दें
बॉसी नहीं बल्कि आत्मविश्वासी
कुंठित नहीं बल्कि स्वतंत्र
भावुक नहीं बल्कि शक्तिशाली
कुंद नहीं बल्कि सफल

हम वेल्स के युवा हैं जो दुनियाभर की अपनी बहनों के साथ खड़े हैं।

कोरोनावायरस ने घड़ी को ही रोक दिया है।
आइए बेहतर भविष्य बनाने को नए नॉर्मल का इस्तेमाल करें।
एक ऐसा भविष्य जहां हर लड़की शिक्षित हो।
एक ऐसा भविष्य जहां महिला आत्मविश्वासी हो।
एक ऐसा भविष्य जो सभी के लिए समान हो, देहात में और शहरों में,
पूरब से पश्चिम तक।

हम आज के छात्र और विद्यार्थी हैं।
हम भविष्य के नेता और प्रणेता हैं।
मिलकर, हम यह भेदभाव की दीवार गिरा देंगे,
हम करेंगे अपने सपनों का पीछा
और आने वाली पीढ़ी के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे।

यह हैशटैग से कहीं बढ़कर है।
यह आपका आह्वान है, कि हर महिला और लड़की के साथ खड़े हों।
स्त्री के पक्ष में हम, और वे हमारे साथ।
साथ-साथ हम, तो नहीं हमें कोई रोकने वाला।

@Urddgobaithcym @Urdd

#heddwch2021 / heddwch@urdd.org / 07855 453409 / www.urdd.cymru